जिला पदाधिकारी ने रमना मैदान का किया निरीक्षण



आरा (भोजपुर)। आगामी जिला स्थापना दिवस समारोह के भव्य एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा द्वारा स्थानीय रमना मैदान का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के प्रदर्शनी स्टॉल, मुख्य मंच, बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा, साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश एवं आगंतुकों के आवागमन से संबंधित तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने तथा आयोजन स्थल पर स्वच्छता एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए समारोह को भव्य, आकर्षक एवं जनभागीदारीपूर्ण बनाने का निर्देश दिया। साथ ही आगंतुकों की सुविधा एवं विधि-व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया। इस दौरान उप विकास आयुक्त अनुमंडलाधिकारी, सदर आरा, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

भलुनीधाम महोत्सव को लेकर डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

दिनारा (रोहतास)। प्रखंड क्षेत्र के श्री यक्षिणी भवानी मंदिर भलुनीधाम में 14 नवंबर को होने वाले भलुनीधाम महोत्सव की तैयारियां का निरीक्षण डीएम दीपक कुमार मिश्रा एवं एसपी श्री राज ने किया। जिन्होंने पार्किंग स्थल गाडी आने के रास्ते लोगों को रहने रौशनी की व्यवस्था सहित तमाम बिंदुओं पर चर्चा कर तैयारी को अंतिम रूप देने की बात कही। मौके पर एसडीएम दिलीप कुमार, एसडीओ सिधांशु कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी कुलदीप कुमार विभूति, अंचलाधिकारी अरूण कुमार सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर विनय कुमार, थानाध्यक्ष रंजीत कुमार सिन्हा सहित काफी संख्या में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

गोवर्धन पूजा पर दंगल में बिहार-यूपी के पहलवानों ने दिखाया दमखम



जगदीशपुर (भोजपुर)। प्रखंड क्षेत्र के कुसुम्हां गांव में गोवर्धन पूजा के अवसर पर पारंपरिक दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन योजना एवं विकास मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा ने किया। प्रतियोगिता में बिहार और उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से आए पहलवानों ने भाग लिया और अपनी कुश्ती कला का प्रदर्शन किया।

दंगल में पहलवानों के दांव-पेच और जोर आजमाइश देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ जुटी रही। इस दौरान मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा भी ग्रामीणों के बीच बैठकर काफी देर तक प्रतियोगिता का आनंद लेते रहे। पहलवानों के शानदार प्रदर्शन पर दर्शकों ने तालियां बजाकर उनका उत्साह बढ़ाया। प्रतियोगिता के दौरान मंत्री ने उत्साहित होकर सभी पहलवानों को नकद राशि देकर पुरस्कृत किया। मंत्री ने कहा कि दंगल हमारी पारंपरिक खेल संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऐसे आयोजनों से आपसी भाईचारा और सामाजिक सौहार्द मजबूत होता है। इस मौके पर मंत्री के प्रतिनिधि संजय सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और खेल प्रेमी मौजूद रहे।

बहोरनपुर का चौकीदार गिरफ्तार

नर्तकी का दुपट्टा सिर पर डाल थानेदार को फंसाने की रची थी गहरी साजिश



बिहिया (भोजपुर)। भोजपुर जिले के बहोरनपुर थाना क्षेत्र के चर्चित मामले में चौकीदार शिवचंद यादव की संलिप्तता सामने आने के बाद बहोरनपुर ओपी थानाध्यक्ष अजय कुमार ने गौरा बाजार से छापेमारी कर गिरफ्तार किया है। और पुलिस ने चरपोखरी थाना कांड संख्या 195/26 के अप्रथामिकी मामले में गिरफ्तार कर भेज दिया है। पुलिस अब बहोरनपुर के दो मामले में रिमांड पर लेगा। बता दें कि बहोरनपुर थाना कांड संख्या 98/26 के अभियुक्त मुकेश कुमार शाह, जो ग्राम दामोदरपुर थाना बहोरनपुर का रहने वाला है, वे अपने बयान में बताया कि चौकीदार शिवचंद यादव द्वारा उससे हर महीने 3 हजार से 3,500 रुपए की अवैध मांग की जाती थी। पैसे नहीं देने पर चौकीदार हमेशा 3-4 लड़कों को उसके घर पर ले जाकर जबरन बीयर पिलवाता था और पैसे भी नहीं देता था। इसी प्रताड़ना और दबाव के बीच जांच में चौकीदार शिवचंद यादव का नाम मुख्य रूप से सामने आया है। खुलासे के मुताबिक, चौकीदार शिवचंद यादव खुद पैसे लेकर गांव में अवैध शराब का कारोबार करवाता था। जब इस शराब मामले में प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की गई, तो उसी दिन से चौकीदार थानेदार से खफा चल रहा था। मामले को तूल देते हुए नर्तकी का दुपट्टा सिर पर डालकर थानेदार को एक गहरी साजिश के तहत फंसाने की योजना बनाई गई। इस गंभीर साजिश और खुलासे के सामने आने के बाद से आरोपी चौकीदार गांव छोड़कर फरार था। चरपोखरी थाना क्षेत्र के बागड मोड़ पर सुंदरपुर बरजा निवासी अंकित कुमार राय को 28 अगस्त 2026 को हथियार के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के समक्ष दिए गए बयान में यह बात सामने आई है कि उसे भी चौकीदार शिवचंद्र यादव द्वारा शराब के कारोबार में मदद पहुंचाई जाती थी। चरपोखरी मामले में संलिप्तता पाए जाने के कारण चौकीदार को सितंबर माह में ही निलंबित कर दिया गया था।

ब-न्यायालय, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता बिक्रमगंज
नामान्तरण अपील वाद
सं.-576/26-27
धर्मेन्द्र सिह बनाम श्री दिनानाथ तिवारी वगैरह
नोटिस बनाम:-
1. श्री दिनानाथ तिवारी पिता स्व. हरिद्वार तिवारी 2. ब्रहमेश्वर तिवारी पिता स्व. गुप्तेश्वर तिवारी 3. मीरा देवी पति स्व. तारकेश्वर तिवारी, सभी निवासी ग्राम-गीधा, पो.-डेहगांव, थाना-दावथ, जिला-रोहतास।
चूं वजरिये इस सूचना के माध्यम से आप विपक्षी को आगाह किया जाता है कि इस न्यायालय के द्वारा निर्गत सम्मन को निर्बंधित डाक से भेजे जाने के बावजूद भी आप न्यायालय में जान-बुझकर उपस्थित नहीं हो रहे हैं। अत: इस सूचना के प्रकाशन के माध्यम से आपको आगाह किया जाता है कि दिनांक 3.12.26 समय 10.30 बजे तक मेरे न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष उपस्थापित करें। अन्यथा आपके विरुद्ध एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जाएगा। इसे सख्त ताकिद जानें।
भूमि सुधार उप समाहर्त्ता
बिक्रमगंज

ब-न्यायालय,
सब जज-1, बिक्रमगंज, रोहतास
स्वत्व वाद संख्या-515/2025
उपेन्द्र सिंह वगै.....वादीगण
बनाम
विद्यासागर सिंह वगै.....प्रतिवादीगण
नोटिस बनाम:-
(1) विद्यासागर सिंह, पिता-स्व. मोहन सिंह (2) दिनेश कुमार सिंह, पिता-स्व. मोहन सिंह (3) राम सुरेश सिंह, पिता-स्व. नथुनी सिंह (4) राम नरेश सिंह, पिता-स्व. नथुनी सिंह (5) कौशल्या कुंवर, पति-स्व. महेन्द्र सिंह (6) आदित्य सिंह, पिता-स्व. महेन्द्र सिंह (7) निर्मला कुंवर, पति-स्व. महेन्द्र सिंह (8) विशाल कुमार, पिता-स्व. मनोज कुमार सिंह, (नाबालिक) (9) ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह, पिता-स्व. दीनानाथ सिंह (10) कृष्णा सिंह उर्फ कन्हैया सिंह, पिता-स्व. दीनानाथ सिंह (11) सुनील सिंह, पिता-स्व. विश्वनाथ सिंह (12) जयनाथ सिंह, पिता-स्व. ठाकुर सिंह (13) कौशल्या कुंवर, पति-स्व. दुधनाथ सिंह (14) जीतेन्द्र सिंह, पिता-स्व. दुधनाथ सिंह (15) संतोष कुमार सिंह, पिता-स्व. दुधनाथ सिंह (16) रामबचन सिंह, पिता-हरिचरन सिंह (17) उर्मिला कुंवर, पति-स्व. दीनानाथ सिंह, सभी निवासी ग्राम-भानपुर (छपरा टोला) पो.-भानपुर, थाना-दिनारा, जिला-रोहतास।
चूं वजरिये इस नोटिस प्रकाशन के माध्यम से आपलोगों को सूचित किया जाता है कि न्यायालय द्वारा आपलोगों के पास नजारत सम्मन वो निर्बंधित सम्मन भेजा जा चुका है। इसके बावजूद भी आपलोग न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे हैं। अत: आपलोगों को सूचित किया जाता है कि आपलोग दिनांक 05.12.2026 को समय 10.30 बजे मेरे न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा इस वाद की कार्यवाही आपलोगों के विरुद्ध एकपक्षीय कर दी जायेगी।
इसे सख्त ताकिद जानें।
इसे आज दिनांक 06.11.2026 को न्यायालय के मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
सब जज-1
बिक्रमगंज, रोहतास

धूमधाम से मनी दीपावली जमकर हुई आतिशबाजी


आरा (भोजपुर)। शहर सहित पूरे जिले में रविवार को प्रकाश पर्व दीपावली धूमधाम से मनाया गया। इसको लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। दीपावली को लेकर घरों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में धन की देवी महालक्ष्मी, गणेश एवं हनुमान की पूजा की गई। इस दौरान घरों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को छोटे-छोटे रंगीन बल्बों, लरियों एवं फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। दीपावली को लेकर छोटे-छोटे बच्चो, युवक-युवतियों एवं बुजुर्गों में काफी उत्साह मिला। लोगों ने जमकर आतिशबाजी की। पर्व को लेकर सुबह से ही लोग घरों में साफ सफाई में जुटे रहे। युवक-युवतियों एवं छोटे-छोटे बच्चे ने घर, आंगन एवं छत पर आकर्षक रंगोली बनाई शाम में लोगों ने नये-नये परिधान पहनकर पूजा की। तत्पश्चात घरों मे दीप और मोमबत्ती से जलाया गया। घरों में युवतियों द्वारा कुलिया-चुकिया भरा गया। तत्पश्चात जमकर आतिशबाजी का दौर चला।

दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मना दीपोत्सव



आरा (भोजपुर)। दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल, मौलाबाग एवं बभनौली शाखा में शुक्रवार को धनतेरस के शुभ अवसर पर दीपोत्सव एवं रंगोली महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को बच्चों द्वारा बनाई गई आकर्षक एवं रंग-बिरंगी रंगोलियों तथा दीपों से सजाया गया। पूरे विद्यालय में उत्सव, उमंग और खुशियों का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मक एवं कलात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विशेष रूप से मेट्रिक कक्षा की छात्राओं मुस्कान कुमारी, रूपाली कुमारी एवं खुशी कुमारी सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने सुंदर एवं आकर्षक रंगोलियां बनाकर सभी का मन मोह लिया। वहीं निभा वर्मा ने बड़े बच्चों के साथ मिलकर एक विशाल एवं आकर्षक रंगोली तैयार की। बच्चों ने दीप प्रज्वलित कर दीपावली की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक श्री अंकुर आनंद वर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों को दीपोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपावली भगवान श्रीराम जी के चौदह वर्षों के वनवास के पश्चात अयोध्या लौटने की खुशी में दीप जलाकर मनाने की परंपरा से जुड़ा पावन पर्व है। यह त्योहार हमें अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देता है। उन्होंने सभी से अपने घरों एवं आसपास स्वच्छता बनाए रखने तथा प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान रंगोली बनाने वाले प्रतिभाशाली बच्चों को विद्यालय के निदेशक श्री अंकुर आनंद वर्मा द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। दीपावली के अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से सभी शिक्षकों को लड्डू एवं खाद्य सामग्री भेंट कर त्योहार की खुशियां साझा की गईं। कार्यक्रम के अंत में अर्चना सिंह एवं सानिया नाज ने धन्यवाद ज्ञापन किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक श्री अंकुर आनंद वर्मा ने दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल परिवार की ओर से समस्त भोजपुरवासियों को धनतेरस, दीपावली एवं लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की।

भगवान महावीर स्वामी का 2552 वां निर्वाण कल्याणक महोत्सव मना



आरा (भोजपुर)। भगवान महावीर मार्ग (शिवगंज) स्थित भगवान महावीर स्वामी जल मंदिर में बड़े ही भक्तिपूर्वक निर्वाण कल्याणक महोत्सव मना। आचार्य श्री 108 सुलभसागर जी महाराज ससंघ के परम् सानिध्य में एवं आकाश जैन मन्नू के भक्ति भाव से भगवान महावीर स्वामी जी का जलाभिषेक, भव्य पंचामृत अभिषेक, पुष्पवृष्टि, मंगल आरती, 108 कलशों से अभिषेक, वृहद् शांतिधारा, महावीर पूजन, निर्वाण कांड का पाठ के उपरांत भावपूर्वक भक्तों के द्वारा निर्वाण लडडू समर्पित किया गया। प्रथम निर्वाण लडडू समर्पण करने का सौभाग्य ब्र सुलोचना दीदी को प्राप्त हुआ। मीडिया प्रभारी निलेश कुमार जैन ने बताया कि कार्यक्रम के समापन पर अल्पाहार पुण्यार्जक सुचिता-श्रेयांश जैन एवं प्रसाद वितरण पुण्यार्जक डॉ स्मिता जैन सपरिवार थे। जिसे सभी भक्तों ने प्रसाद स्वरूप ग्रहण किये।संध्याकालीन कार्यक्रम में 108 सुसज्जित दीपको से महाआरती, रंगोली, दीपोत्सव, भजन, भक्ति आराधना का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। महोत्सव को सफल बनाने में श्री दिगंबर जैन पंचायती मंदिर के अध्यक्ष कमलेश कुमार जैन, सचिव डॉ आदित्य विजय जैन, सह सचिव विभु जैन, जल मंदिर संयोजक निलेश कुमार जैन, सह संयोजक अजय कुमार जैन, सदस्य रजत कुमार जैन, अनीश कुमार जैन, नेहा जैन, पूजा जैन, आशीष जैन, वैभव जैन, मोनू जैन, संजय जैन, रौशन जैन, वार्ड पार्षद रेखा जैन सहित सैकड़ों की संख्या में भक्तगण का विशेष सहयोग रहा।

गुमशुदा बच्चे का पता बताने पर पुलिस देगी 20 हजार का इनाम



आरा (भोजपुर)। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बलुआ गांव से छह दिन पूर्व लापता पांच वर्षीय बालक के संबंध में सही सूचना देने वाले या उसका पता बताने वाले को इनाम दिया जाएगा। भोजपुर पुलिस द्वारा उक्त व्यक्ति को 20 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित द्वारा प्रेस नोट जारी कर दी गई। जारी प्रेस नोट में कहा गया है कि 3 नवंबर को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बलुआ गांव निवासी करीमन साह का 5 वर्षीय पुत्र मणि कुमार घर से खेलने के लिए निकला था। देर शाम तक वापस नहीं लौटा। परिजन द्वारा काफी खोजने खोजबीन की गई, लेकिन उसका पता नहीं चल पाया। इस संबंध में बालक के परिजन द्वारा स्थानीय थाना में 4 नवंबर को कांड दर्ज कराया गया था। एसपी ने बताया कि पुलिस ने बालक को खोजने के लिए भरपूर कोशिश की। आसपास के पानी भरे गड्ढे व कुएं की भी तलाशी ली गई। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। उन्होंने बताया कि बच्चों के संबंध में सही सूचना देने वाले या उसका पता बताने वाले व्यक्ति को 20 हजार का इनाम दिया जाएगा। कोई भी व्यक्ति पुलिस अधीक्षक के मोबाइल नंबर-9031826621 मुफस्सिल थाना के नंबर-90318 26646 पर एवं उसके परिजन के मोबाइल नंबर पर सूचना दे सकते हैं।

गुड्डू प्रसाद बने जदयू पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष, समर्थकों में खुशी



सहार (भोजपुर)। जनता दल यूनाइटेड ने भोजपुर जिले में संगठन को मजबूती देने की दिशा में गुड्डू प्रसाद को पंचायती राज प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर पार्टी नेताओं एवं समर्थकों में खुशी का माहौल है।नई जिम्मेदारी मिलने पर गुड्डू प्रसाद ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष पंचायती राज प्रकोष्ठ एवं बिहार विधान परिषद की सचेतक रीना देवी, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा तथा संजय कुमार झा के प्रति विशेष रूप से धन्यवाद जताया।गुड्डू प्रसाद ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर पूरी निष्ठा और ईमानदारी से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाने, पंचायतों के सर्वांगीण विकास तथा पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना उनकी प्राथमिकता होगी।उन्होंने कहा कि यह पद उनके लिए केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जनता की सेवा और पंचायतों के विकास के प्रति नई प्रतिबद्धता है।गुड्डू प्रसाद को इस नई जिम्मेदारी मिलने पर गोविंद कुमार,बिमल मौआर ,शम्भु कुशवाहा ,पवन पासवान ,अशोक साह ललन रजक नवल चंद्रवंशी विनोद कुशवाहा देवनारायण यादव रंजित पासवान ललन राम चंद्रकांत कुशवाहा, राकेश सोनी प्रखंड अध्यक्ष जेडीयू सहार राजेश कुशवाहा रंजन कुशवाहा अशोक राम सहित कई लोगों ने बधाई दिया।

छठ घाटों का एसडीओ-एसडीपीओ ने किया निरीक्षण

तरारी (भोजपुर)। पीरो अनुमंडल अंतर्गत तरारी प्रखंड के बागर एवं देव सूर्य मंदिर छठ घाट का सोमवार को पीरो एसडीओ कृष्ण कुमार उपाध्याय और एसडीपीओ कन्हैया कुमार ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान तरारी बीडीओ कुंदन कुमार, सीओ राणा अक्षय प्रताप सिंह और सिकरहटा थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्थानीय पदाधिकारियों एवं पूजा समितियों को छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। घाटों पर साफ-सफाई, सुरक्षा, रोशनी और अन्य जरूरी इंतजाम समय रहते पूरा करने का निर्देश दिया गया। वहीं, पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पीएचईडी विभाग को तत्काल पेयजल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा अधिकारियों ने देव सूर्य मंदिर परिसर में बिहार सरकार के पर्यटन विभाग की ओर से कराए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्य का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि सौंदर्यीकरण का कार्य अंतिम चरण में है और छठ पर्व से पहले इसे पूरा कर लिया जाएगा।

जनता दरबार में 43 परिवादियों की समस्याओं की हुई सुनवाई

बिक्रमगंज (आससे)। अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में 'सबका सम्मान-जीवन आसान' के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों द्वारा अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित परिवाद प्रस्तुत किए गए। जनता दरबार में कुल 43 परिवादियों की समस्याओं की सुनवाई की गई, जिसमें भूमि विवाद से संबंधित 28 परिवाद, आपूर्ति से संबंधित 11 परिवाद तथा अन्य मामलों से संबंधित 04 परिवाद शामिल थे।अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज द्वारा इसमें से 26 परिवादियों के आवेदन पर ऑन द स्पॉट सुनवाई करते हुए निष्पादन किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा सभी परिवादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही, परिवादियों को आश्वस्त किया गया कि प्राप्त शिकायतों पर नियमानुसार निष्पक्ष एवं समयबद्ध कार्रवाई की जाएगी अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है।

शराबी को भेजा गया न्यायिक हिरासत में

शाहपुर(भोजपुर)आससे। बहोरनपुर पुलिस ने शराब के नशे मे धुत एक शराबी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे भेज दिया। बहोरनपुर थानाध्यक्ष अजय कुमार ने शराब के नशे मे धुत चमरपुर गाँव के रविंद्र सिंह को शराब सेवन के मामले मे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे भेज दिया।

छठ पूजा और जिला स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर की समीक्षा

सभी छठ घाटों पर ससमय साफ-सफाई, सुदृढ़ बैरिकेडिंग एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश

आरा (भोजपुर)। समाहरणालय सभागार में जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में छठ महापर्व एवं जिला स्थापना दिवस के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। छठ पूजा की तैयारियों की समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी ने सभी नगर निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के संबंधित पदाधिकारियों को छठ घाटों की ससमय साफ-सफाई, पहुंच पथों की मरम्मत एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत मजबूत बैरिकेडिंग कराने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने गहरे पानी वाले एवं खतरनाक घाटों को प्राथमिकता के आधार पर चिह्नित करने तथा वहां लाल झंडे एवं बांस-बल्ले से दोहरी बैरिकेडिंग कराने का निर्देश दिया। साथ ही, खतरनाक घाटों की सूची का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने को कहा, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित घाटों पर ही अर्घ्य अर्पित करें। विद्युत व्यवस्था की समीक्षा करते हुए विद्युत कार्यपालक अभियंता को सभी घाटों के आसपास निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा लटकते, ढीले एवं जर्जर तारों को तत्काल दुरुस्त कराने का निर्देश दिया गया, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की आशंका न रहे। जिला स्थापना दिवस की तैयारियों की समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने आयोजन को भव्य एवं गरिमापूर्ण बनाने के लिए विभिन्न विभागों को विकासात्मक एवं जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आकर्षक स्टॉल लगाने का निर्देश दिया। साथ ही, जिले के गौरवशाली इतिहास, सांस्कृतिक विरासत एवं विकासात्मक उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से प्रभातफेरी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के सुव्यवस्थित आयोजन हेतु आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने को कहा। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समय-सीमा में सभी तैयारियां पूर्ण करने तथा दोनों आयोजनों को सफल, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने का निर्देश दिया।बैठक में उपविकास आयुक्त सहित जिला स्तरीय विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

17 पुड़िया हेरोइन के साथ दो धराया, जेल

दिनारा (रोहतास)। स्थानीय दिनारा बाजार से दो लोगों को पुलिस ने 17 पुड़िया हिरोइन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि दिनारा निवासी हरेंद्र विशाती के पुत्र सलमान विशाती उर्फ दुखन विशाती एवं हाशिम विशाती के पुत्र गुडु विशाती को 17 पुड़िया हिरोइन में छ: ग्राम के साथ पकड़कर गिरफ्तार किया गया। जिसमें एक मोटरसाइकिल को जो बिना नंबर प्लेट की थी। जिसको जब्त करते हुए जेल भेज दिया गया।

मारपीट में महिला की मौत,एक जख्मी

शाहपुर(भोजपुर)आससे। बहोरनपुर थाना क्षेत्र के टीकापुर गाँव मे आपसी विवाद मे हुए मारपीट मे एक महिला की मौत हो गई जबकि उसका पुत्र जख्मी हो गया। दोनों पक्ष पटीदार बताये जाते हैं। घटना का कारण जानवर का पेशाब और पानी गिरना बताया जाता है। मृतका कुंती देवी टीकापुर गाँव के स्व सुदर्शन पासवान की पत्नी बताई जाती है। इस घटना मे मृतका कुंती देवी का पुत्र सत्येंद्र पासवान भी घायल हो गया जिसका इलाज आरा सदर अस्पताल मे चल रहा है। घटना के संबंध मे बताया जाता है कि टिशु पासवान अपने दरवाजे पर पानी जमा होने को लेकर अपने पटीदार स्व सुदर्शन पासवान के पुत्र के साथ गाली गलौज और मारपीट करने लगा। सत्येंद्र पासवान ने गाली देने से मना किया। इस पर टिशु पासवान परिजनों के साथ सत्येंद्र पासवान के साथ मारपीट करने लगा। घटना मे बीच बचाव करने उनकी माँ कुंती देवी आई जिसे धक्का देकर गिरा दिया गया। इस घटना मे कुंती देवी की मौत हो गई जबकि सत्येंद्र पासवान जख्मी हो गया। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अजय कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुँचे और शव को अपने कब्जे मे लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु आरा सदर अस्पताल भेज दिया। इस घटना से परिवार मे कोहराम मच गया है। परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है। मृतका कुंती देवी को दो बेटे गंगा सागर पासवान तथा सत्येंद्र पासवान और तीन बेटियां रंभा देवी, पूनम देवी एवं रूपा देवी हैं। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि मृतका के परिजनों द्वारा आवेदन देने के बाद प्राथमिकी दर्ज की जायेगी और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

ब-न्यायालय, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता बिक्रमगंज
नामान्तरण अपील वाद
सं.-1197/25-26
ललीता देवी बनाम अंचल अधिकारी दिनारा वगैरह
नोटिस बनाम:-
1. किरन देवी पति पिन्टु सिह 2. उर्मिला देवी पति राजू कुमार 3. देवन्ती कुमारी पति गोलू कुमार, तीनों साकिन ग्राम-खलसापुर, पो.-दिनारा, थाना-दिनारा, रोहतास 4. पिन्टु सिंह पिता शंकर सिंह 5. राजू सिंह पिता शंकर सिह 6. गोलू कुमार पिता शंकर सिंह, साकिन ग्राम-खलसपुर, पो.+थाना-दिनारा, रोहतास।
चूं वजरिये इस सूचना के माध्यम से आप विपक्षी को आगाह किया जाता है कि इस न्यायालय के द्वारा निर्गत सम्मन को निर्बंधित डाक से भेजे जाने के बावजूद भी आप न्यायालय में जान-बुझकर उपस्थित नहीं हो रहे हैं। अत: इस सूचना के प्रकाशन के माध्यम से आपको आगाह किया जाता है कि दिनांक25.11.2026 समय 03:00 बजे तक मेरे न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष उपस्थापित करें। अन्यथा आपके विरुद्ध एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जाएगा।
इसे सख्त ताकिद जानें।
भूमि सुधार उप समाहर्त्ता
बिक्रमगंज

ब-न्यायालय,
सब जज-III, बिक्रमगंज, रोहतास
टी.एस. नं.-434/2024
मंगलेश्वर सिंह वगै.....वादीगण
बनाम
विजय सिंह वगै.....प्रतिवादीगण
नोटिस बनाम:-
(1) राकेश कुमार सिंह पिता स्व. विजय सिंह (2) सतिश कुमार उर्फ पिन्टू सिंह, पिता-स्व. विजय सिंह (3) शलेन्द्र सिंह उर्फ शोले, पिता-स्व. विजय सिंह, सभी निवासी ग्राम-थावॉ, पोस्ट-दुर्गाडीह, थाना-बिक्रमगंज, जिला-रोहतास (बिहार)।
चूं वजरिये इस गजट प्रकाशन के आपलोगों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वाद में न्यायालय द्वारा निर्गत कार्यालय एवं डाक नोटिस भेजने के बावजूद भी आपलोग न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए।
अत: इस गजट प्रकाशन के द्वारा आपलोगों को आगाह किया जाता है कि इस वाद की अगली तिथि दिनांक को समय 10.30 बजे प्रात: न्यायालय में उपस्थित होकर अपना जो भी उजूर एतराज करना हो करें, अन्यथा आपलोगों के विरुद्ध न्यायालय द्वारा एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।
इसे सख्त ताकिद जानें।
इसे आज दिनांक 07.11.25 को न्यायालय के मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
सब जज-III
बिक्रमगंज, रोहतास